भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 98**

उत्तर देने की तारीख 1 दिसंबर, 2025
10 अग्रहायण, 1947 (शक)

# धनबाद में बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम का निर्माण

**98. श्री दुलू महतो:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को धनबाद लोक सभा क्षेत्र में आधुनिक बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम के निर्माण हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो उस पर क्या कार्रवाई की गई है;

(ख) क्या सरकार का खेल विभाग या किसी अन्य प्रासंगिक योजना के अंतर्गत इस परियोजना को मंजूरी देने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रस्तावित स्टेडियम में क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स ट्रैक, एक इनडोर हॉल, एक जिम, एक कोचिंग सेंटर और एक छात्रावास जैसी सुविधाएं शामिल करने की योजना है;

(घ) क्या इस स्टेडियम के निर्माण के माध्यम से स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण, प्रतिस्पर्धी माहौल और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कोई नीति बनाई जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि धनबाद जैसे क्षेत्र में, जो खेल प्रतिभाओं से समृद्ध है, उच्च स्तरीय खेल अवसंरचना की तत्काल आवश्यकता है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) इस मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ.) और (च) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, उच्च-स्तरीय खेल अवसंरचना के विकास सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है। केंद्र सरकार केवल महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। झारखंड

राज्य सहित पूरे देश में खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के अंतर्गत स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजना और उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि और उनकी वास्तविक और वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****